कोलकाता, रविवार
26.02.2023

अख़बार नहीं आंदोलन

# प्रभात खबर

facebook.com/prabhat.khabar | twitter.com/prabhatkhabar | instagram.com/prabhat.khabar | youtube.com/c/PrabhatKhabartv

## अपना शहर





## डीपीएस में विज्ञान प्रदर्शनी

**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में शनिवार को आयोजित विज्ञान, सामाजिक विषय, कंप्यूटर, गणित व कला प्रदर्शनी में विभिन्न मॉडल्स प्रदर्शित कर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया . प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आर .डी . शर्मा ने फीता काट कर किया . उन्होंने कहा कि विद्यालय मे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं . इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों मे कल्पनाशीलता तथा वैज्ञानिक सोच का विकास होता है . विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा नवम के छात्र देवदीप संघाई द्वारानिर्मित वर्किंग पीरियोडिक टेबल का मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा . बच्चों द्वारा प्रदर्शनी में मॉडल्स से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर देने व पूरी प्रदर्शनी मे अनुशासन बनाए रखने पर अतिथियों और अभिभावकों ने प्रशंसा की . प्रधानाचार्य आर . डी . शर्मा ने प्रतिभागी बच्चों को शुभकमाएं दीं तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं की वैज्ञानिक सोच की सराहना की .